# पटना नगर निगम

मौर्यलोक कम्पलेक्स, पटना-800001

पटना कारपोरेशन

## सशक्त स्थायी समिति की 9वीं साधारण बैठक की कार्यसूची

**दिनांक :- 04.05.2024**

**समय :- 12:30 बजे अपराह्न**

**स्थान :- महापौर कार्यालय कक्ष, मौर्यालोक कम्पलेक्स, पटना।**

| | | |
|---|---|---|
| **अनिमेष कुमार पराशर**,भा.प्र.से. | **रेशमी कुमारी** | ***सीता साहू*** |
| नगर आयुक्त | उप-महापौर | महापौर |
| पटना नगर निगम | पटना नगर निगम | पटना नगर निगम |

दिनांक-04.05.2024 को आहूत सशक्त स्थायी समिति की 9वीं साधारण बैठक माननीया महापौर, श्रीमती सीता साहू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें निम्नांकित माननीया/माननीय सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया, जिसकी उपस्थिति निम्न प्रकार है :-

1. **श्रीमती सीता साहू - महापौर, पटना नगर निगम।**
2. श्रीमती रेशमी कुमारी - उप-महापौर, पटना नगर निगम।
3. श्रीमती कान्ति देवी - सदस्य, सशक्त स्थायी समिति।
4. श्री आशीष कुमार सिन्हा - सदस्य, सशक्त स्थायी समिति।
5. श्री इन्द्रदीप कुमार चन्द्रवंशी - सदस्य, सशक्त स्थायी समिति।
6. श्री बिनोद कुमार - सदस्य, सशक्त स्थायी समिति।

**निगम प्रशासन**

1. **श्री अनिमेष कुमार पराशर, भा.प्र.से. - नगर आयुक्त, पटना नगर निगम।**
2. **श्री राजन सिन्हा ( बि.प्र.से. ) - अपर नगर आयुक्त**
3. श्री देवेन्द्र सुमन - संयुक्त नगर आयुक्त -सह-नगर सचिव
4. श्री सुरेन्द्र कु0 सिन्हा - मुख्य नगर अभियंता
5. श्री प्रभात रंजन - कार्यपालक पदा0 नू0रा0अं0।
6. श्रीमती पुण्या तरू - कार्यपालक पदा0 पाटलीपुत्र अंचल
7. श्री निखिल ठाकुर - कार्यपालक पदा0 कंकड़बाग अंचल
8. श्री गंगा कान्त ठाकुर - कार्यपालक पदा0 बाँकीपुर अंचल
9. सुश्री श्रेया कश्यप - कार्यपालक पदा0 अजिमाबाद अंचल
10. श्री आशुतोष कुमार - कार्यपालक पदा0 पटना सिटी अंचल
11. श्री विजय कुमार - कार्यपालक अभियंता, मुख्यालय
12. श्री अनिल कुमार - कार्य0 अभियंता, बाँकीपुर प्रमंडल
13. श्री रामाशीष तिवारी - उप-नगर आयुक्त
14. श्री सुजित कुमार - उप-नगर आयुक्त
15. श्री बब्लु कुमार गुप्ता - कार्यपालक अभियंता, विद्युत

पटना नगर निगम PATNA MUNICIPAL CORPORATION

महापौर

16. श्री सुभाष चन्द्र श्रीहर्ष - कार्य० अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल

17. श्री अवधेश कुमार सिंह - निजी सहायक

18. श्री विलास मांझी - निजी सहायक

**अध्यक्ष** :- बैठक में उपस्थित उप-महापौर, सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्य, नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त एवं उपस्थित सभी पदाधिकारियों का बैठक में स्वागत करती हूँ।

**नगर आयुक्त** :- माननीया महापौर,उप-महापौर एवं सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्यों तथा सभी पदाधिकारियों का हार्दिक स्वागत है।

नगर सचिव, कार्यसूची को पढ़ें।

**नगर सचिव** :- बैठक में उपस्थित माननीया महापौर, माननीया उप-महापौर, माननीय सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्य, आदरणीय नगर आयुक्त एवं बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत है।

**मद संख्या- 01 :- दिनांक-29.01.2024 को आहूत सशक्त स्थायी समिति की 8वीं साधारण बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि।**

**अध्यक्ष** :- सम्पुष्टि का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें ।

**मद संख्या-02 :- दिनांक-16.02.2024 को आहूत सशक्त स्थायी समिति की तृतीय विशेष बैठक बजट( 2024-25 ) की कार्यवाही की सम्पुष्टि**

**अध्यक्ष** :- सम्पुष्टि का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें ।

**श्री आशीष कु० सिन्हा** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, दिनांक-29.01.2024 को हुई सशक्त स्थायी समिति की 8वीं साधारण बैठक एवं दिनांक-16.02.2024 को आहूत सशक्त स्थायी समिति की तृतीय विशेष बैठक(बजट 2024-25) की कार्यवाही नहीं मिली है तो इसकी सम्पुष्टि कैसे होगी।

**नगर आयुक्त** :- अभी आदर्श आचार सँहिता लागू है। सम्पुष्टि के विषय पर मार्ग दर्शन प्राप्त कर कार्रवाई करेंगे। अभी हमलोग नाला उड़ाही की समीक्षा करें।

पटना नगर निगम PATNA MUNICIPAL CORPORATION

महापौर
पटना नगर निगम

पटना नगर निगम क्षेत्रान्तगर्त 9 प्रमुख नालें है।

| क्र0 | अंचल का नाम | प्रमुख नाले का नाम |
|---|---|---|
| | अजीमाबाद अंचल | सैदपुर नाला(अजिमाबाद क्षेत्र) |
| | बाँकीपुर अंचल | सैदपुर नाला(बांकीपुर क्षेत्र) |
| | पाटलिपुत्र अंचल | आनन्दपुरी नाला<br>कुर्जी नाला/राजीव नगर नाला<br>मंदिरी नाला<br>बोरिंग रोड(भूगर्भ नाला)<br>मोहनपुर नाला<br>नेहरू नगर नाला |
| | नूतन राजधानी अंचल | सर्पेन्टाइन नाला<br>बाकरगंज नाला |
| | कंकड़बाग अंचल | कंकड़बाग नाला<br>बाईपास नाला(कंकड़बाग क्षेत्र) |
| | पटना सिटी अंचल | सिटी मोट नाला |

इन नाला की सफाई लगभग पूरी हो गयी है।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, प्रतिवेदन को देखने से स्पष्ट हो रहा है कि पटना सिटी मोट नाला एवं सर्पेन्टाइन नाला की उड़ाही शत् प्रतिशत दिखायी गयी है एवं अन्य नालों की उड़ाही 90 प्रतिशत से उपर हो गयी है। बाईपास नाला की उड़ाही का कार्य अब तक 75 प्रतिशत हुआ है। ऐसा लगता है नाला उड़ाही का कार्य कागज पर दिखाया गया है। लेकिन जमीनी स्तर नाला उड़ाही का कार्य पूरा नहीं हुआ है। मेरा अनुमान है कि 75 प्रतिशत तक की नाला उड़ाही का कार्य हुआ है। ऐसा लगता है कि कार्यपालक पदाधिकारियों द्वारा दवाब में यह नाला उड़ाही कार्य का प्रतिवेदन भेजा गया है। मेरा सुझाव है कि नाला उड़ाही का कार्य फ्री मांइड से करें। ऐसा नहीं हो कि बरसात के समय जल-जमाव की समस्या हो जिसका खामियाजा माननीय महापौर, उप-महापौर, संबंधित माननीय पार्षदों, नगर आयुक्त को भी भुगतना पड़े।

**महापौर**
**पटना नगर निगम**

**श्री आशीष कु0 सिन्हा :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, नाला उड़ाही के संबंध में विभिन्न अंचलों के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा भेजे गये प्रगति प्रतिवेदन देखने से लगता है कि लगभग नालों की उड़ाही हो गयी है। परन्तु माननीय पार्षदों द्वारा जो फीडबैक दिया गया है, उसके अनुसार अभी भी शत्-प्रतिशत नालों की उड़ाही नहीं हुई है। अत: मेरा सुझाव है कि नाला उड़ाही की समय सीमा को बढ़ाई जाय। साथ ही बारिश के दौरान भी नालों की सफाई जारी रखें।

**नगर आयुक्त :-** नाला उड़ाही एवं आसन्न बरसात को देखते हुए नाला उड़ाही का कार्य शत् प्रतिशत कराना है। इस कार्य के लिए कार्यपालक पदाधिकारियों को निदेश दिया जाता है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के स्थित नालों की उड़ाही पर विशेष ध्यान देकर कार्रवाई करें। नाला उड़ाही कार्य के लिए 15 दिनों (15 जून)का समय बढ़ाया जाता है।

हड़ताली मोड़ से धोबी घाट तक एवं पाटलिपुत्र अंचल के अन्तर्गत 22ए, 22बी के नाले की उड़ाही ठीक-ठाक हुई है। भ्रमण के क्रम में पाटलिपुत्र अंचल के अन्तर्गत गेट संख्या-04 से मगध महिला कॉलेज तक मेन होल के उपर पेड़ उगे हुए हैं। उसे हटाने की आवश्यकता है।

**श्री आशीष कु0 सिन्हा :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, कंकड़बाग अंचल अन्तर्गत करबिगहिया के पास प्रत्येक वर्ष बारिश में अत्यधिक जलजमाव हो जाता है। उसका निराकरण करने की जरूरत है।

**नगर आयुक्त :-** कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल, करबिगहिया में जल-जमाव को खत्म करने के लिए क्या उपाय करने की जरूरत है।

**कार्य0अभि0( कं0प्र0 ) :-** नगर आयुक्त महोदय, वहाँ कम से कम 150 मीटर नाला बिछाने की आवश्यकता है। इसके बिछ जाने से उक्त स्थल से जल-जमाव दूर हो जायेगा।

**नगर आयुक्त :-** कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल अविलंब इसका प्रस्ताव तैयार कर उपस्थापित करें।

पटना नगर निगम PATNA MUNICIPAL CORPORATION

महापौर
पटना नगर निगम

**कार्य0पदा0 ( अजीमाबाद ) :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, वार्ड संख्या-56 का क्षेत्र काफी बड़ा है और वहाँ के सफाई निरीक्षक ठीक से काम नहीं कर रहे हैं।

**कार्य0पदा0( पटना सिटी ) :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, वार्ड संख्या-67 में नाला उड़ाही की समस्या बनी हुई है। वहाँ के सफाई निरीक्षक कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं। उन कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

**नगर आयुक्त :-** सभी अंचल में सफाई कार्य हेतु वाहन उपलब्ध करा दिए गये हैं। कार्यपालक पदाधिकारी अपने अपने अंचल में कुछ वाहनों को रिजर्व में रखें।

**अपर नगर आयुक्त :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, निगम क्षेत्र में क्लोज टीपर वाहन एवं सी0एन0जी0 युक्त क्लोज टीपर वाहन कार्य कर रहे हैं। जो अंचलवार निम्न प्रकार से हैं :-

| क्र0 | अंचल का नाम | कुल वाहन | कार्यरत वाहन | खराब वाहन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अजीमाबाद | 60 | 48 | 12 |
| 2 | बाँकीपुर अंचल | 60 | 49 | 11 |
| 3 | कंकड़बाग अंचल | 55 | 49 | 06 |
| 4 | नूतन राजधानी अंचल | 80 | 74 | 06 |
| 5 | पाटलिपुत्र अंचल | 80 | 69 | 11 |
| 6 | पटना सिटी अंचल | 40 | 32 | 08 |
| | कुल वाहन | 375 | 321 | 54 |

**इस प्रकार 54 वाहन ब्रेक डाउन की स्थिति में है जिसे बनाया जा सकता है।**

सी0एन0जी0 से चलने वाले वाहन अंचलों में निम्न प्रकार से हैं :-

| क्र0 | अंचल का नाम | कुल वाहन |
|---|---|---|
| 1 | अजीमाबाद | 24 |
| 2 | बाँकीपुर अंचल | 15 |
| 3 | कंकड़बाग अंचल | 15 |
| 4 | नूतन राजधानी अंचल | 16 |
| 5 | पाटलिपुत्र अंचल | 15 |
| 6 | पटना सिटी अंचल | 16 |
| | कुल वाहन | 101 |

पटना नगर निगम PATNA MUNICIPAL CORPORATION

महापौर
पटना नगर निगम

इस प्रकार 101 सी0एन0जी0 वाहन निगम क्षेत्र में कूड़ा उठाने का कार्य कर रहें है।

**श्री आशीष कु0 सिन्हा :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, जो गाड़ी खराब हो गये हैं और बनने लायक हैं तो तुरंत बना दिया जाय।

**नगर आयुक्त :-** वाहन पदाधिकारी, मरम्मति योग्य गाड़ियों की पहचान कर उसे तुरंत बनवायें। कबाड़ से मोबाईल टॉयलट, वर्क शाप बनाया जा रहा है। उप-नगर आयुक्त( श्री रमाशीष तिवारी जी) को निदेश दिया जाता है कि कर्मशाला के कर्मी के साथ बैठक कर कार्य को आगे बढ़ाएँ।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, 30 ओपन टीपर क्रय का प्रस्ताव है। उससे तंग गलियों से कूड़ का उठाव हो सकेगा। ई-कार्ट की मांग अजीमाबाद एवं पटना सिटी अंचल के लिए बेहतर होगा। मेरा सुझाव है कि 30 ओपन टीपर जो क्रय का प्रस्ताव है। उसे स्थगित कर दिया जाय। जो पुराने टीपर हैं उसकी मरम्मति करायी जाय।

**नगर आयुक्त :-** पुराने काउ कैचर को मरम्मति कराकर उसे शव वाहन के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

**श्री आशीष कु0 सिन्हा :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, जलापूर्ति शाखा के कार्य को भी देख लिया जाय। कुल योजनाओं की संख्या 121 है। प्रायः यह देखा गया है कि कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बिना स्थल को देखे हुए निविदा कर दिया जाता है। बाद में स्थल उपलब्ध नहीं होने के कारण वहाँ बोरिंग नहीं हो पाता है। मेरा कहना है कि निविदा के पहले स्थल की भली-भाँति जानकारी प्राप्त करने के बाद ही निविदा किया जाय।

**श्री बिनोद कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, वर्ष 2020 में बोरिंग के कार्य के लिए वार्ड संख्या-22 में निविदा हुआ लेकिन स्थल एवं प्रशासनिक स्वीकृति के चलते कार्य अभी तक रूका हुआ है।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, बाँकीपुर अंचल के अन्तर्गत बोरिंग हेतु शरीफ कॉलनी में जमीन चिन्हित कर दिया गया है। लेकिन अभी तक कार्य नहीं हुआ है।

**श्री बिनोद कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, क्रमांक 96 पर वार्ड संख्या-14 के अन्तर्गत सरिस्ताबाद पूर्वी टोला, कान्ति देवी के मकान से सूरत शर्मा के

पटना नगर निगम PATNA MUNICIPAL CORPORATION

महापौर
पटना नगर निगम

मकान तक, ढ़क्कनपुरा दिनेश से धनेश्वरी आवास तक जलापूर्ति पाईप लाईन एवं हर घर जल नल की योजना का निविदा 2022 में हुई। जिसका कार्य अभी तक नहीं हुआ है।

**नगर आयुक्त** :- मुख्य नगर अभियंता, योजना के निविदा होने के बाद ठेकेदार कार्य नहीं कर रहा है, तो उसे रद्द कर पुर्ननिविदा की कार्रवाई करें।

**कार्य०अभि०( जलापूर्ति )** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, बुडको के द्वारा 14 बोरिंग को निगम को हस्तनान्तरित किया गया है। उस बोरिंग के संचालन हेतु 28 ऑपरेटर की आवश्यकता है। ताकि पम्प का संचालन किया जा सके।

**श्री आशीष कु० सिन्हा** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, कॉंग्रेस मैदान में बुडको के द्वारा पम्प अधिष्ठापित किया गया है। ऑपरेटर नहीं रहने के कारण पम्प समय पर नहीं चल पाता है।

बेरिंग के संचालन हेतु अविलंब कर्मियों की व्यवस्था की जाय।

माननीया अध्यक्ष महोदया, भुगर्भ जल का दोहन हो रहा है। क्यों नहीं गंगा जल को फिल्टर कर टंकी के माध्यम से पेय जल की सप्लाई की जाय। मेरा सुझाव है कि पुराने जो पानी टंकी मरम्मति के लायक है उसकी मरम्मति कराई जाय। उससे बिजली की भी बचत होगी। जरूरत पड़ने पर वहाँ 24 X 7 नागरिकों को पेयजय भी उपलब्ध करा जायेंगे।

अ०मद संख्या-01 :- **निगम स्वामित्व वाले 06 ( छ: ) Self-propolled Road Sweeping Machine (Dulevo 5000 evolution ) स्वींपींग मशीन का Opeation & Maintenance कार्य के लिए Shri Raja Rajeshwari Enterprises एजेंसी की सेवा 01 (एक) साल दिनांक-01.04.2024 से 30.04. 2025 तक ) विस्तार किये जाने के संबंध में।**

**अध्यक्ष** :- एजेंसी की सेवा विस्तार का प्रस्ताव है, अपना-अपना सुझाव दें।

**नगर आयुक्त** :- नगम स्वामित्व वाले 06 (छ:) Self-Propolled Road Sweeping Machine (Dulevo 5000 evolution) स्वीपींग मशीन का Opeation & Maintenance का कार्य Shri Raja Rajeshwari Enterprises.एजेन्सी को कार्यालय आदेश पत्रांक 05734, दिनांक 12.04.2021 के द्वारा दिया गया है, जिसका कार्यावधि दिनांक 31.03.2024 को समाप्त हो गयी है।

पटना नगर निगम PATNA MUNICIPAL CORPORATION

महापौर
पटना नगर निगम

विदित हो कि वर्तमान में Shri Raja Rajeshwari Enterprises एजेन्सी के द्वारा पटना नगर निगम के कंकड़बाग अंचल, बाँकीपुर अंचल, पटना सिटी अंचल तथा अजीमाबाद अंचल क्षेत्रों के प्रमुख तथा मुख्य सड़कों की सफाई Mechnical Sweeping के माध्यम से की जा रही है। पटना नगर निगम क्षेत्रों में उत्कृष्ट सफाई बनाये रखने हेतु स्वीपिंग मशीन का उपयोग अतिआवश्यक है।

अतः निगम स्वामित्व वाले 06 (छः) Self-Propolled Road Sweeping Machine (Dulevo 5000 evolution) स्वीपिंग मशीन का Opeation & Maintenance कार्य के लिए Shri Raja Rajeshwari Enterprises एजेन्सी की सेवा 01 (एक) साल (दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक) विस्तार किये जाने हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष प्रस्ताव रखा गया है।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, Road Sweeping Machine का कार्य ठीक से नहीं हो रहा है। इसके लिए किसी दूसरी एजेंसी का चयन निविदा के माध्यम से किया जाय।

**श्री बिनोद कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, यदि एजेंसी का कार्य सही नहीं तो निविदा के माध्यम से दूसरी एजेंसी का चयन किया जा सकता है। निविदा होने तक एजेंसी का समय विस्तार जुलाई,2024 तक किया जाय।

**उप-महापौर :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, एजेंसी के पिछले कार्य को देखते हुए एक वर्ष की अवधि विस्तार करना उचित नहीं है। तत्काल एजेंसी की सेवा विस्तार जुलाई,2024 तक ही किया जाय। इस बीच निविदा निकाल कर अन्य एजेंसी का चयन किया जा सकता है।

**नगर आयुक्त :-** तत्काल इसका कार्य जुलाई तक बढ़ाया जा सकता है।

प्रस्ताव संख्या-231:- <u>सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि निगम स्वामित्व वाले 06 (छः) **Self-propolled Road Sweeping Machine (Dulevo 5000 evolution)** स्वीपिंग मशीन का **Opeation & Maintenance** कार्य के लिए **Shri Raja Rajeshwari Enterprises** एजेंसी की सेवा विस्तार जुलाई,2024 तक किये जाने के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।</u>

पटना नगर निगम PATNA MUNICIPAL CORPORATION

महापौर
पटना नगर निगम

अ०मद संख्या-02 :- **निगम स्वामित्व वाले 10 ( दस ) Truck Mounted Sweeping Machine स्वीपींग मशीन का Opeation & Maintenance कार्य के लिए Shri Raja Rajeshwari Enterprises एजेंसी की सेवा 01 ( एक ) साल दिनांक-01.04.2024 से 30.07.2025 तक ) विस्तार किये जाने के संबंध में।**

**अध्यक्ष** :- एजेंसी की सेवा विस्तार का प्रस्ताव है, अपना-अपना सुझाव दें।

**नगर आयुक्त** :- निगम स्वामित्व वाले 10 (दस) Truck Mounted Sweeping Machine स्वीपींग मशीन का Opeation & Maintenance का कार्य Shri Raja Rajeshwari Enterprises एजेन्सी को कार्यालय आदेश पत्रांक 05733, दिनांक 12.04.2021 के द्वारा दिया गया है, जिसका कार्यावधि दिनांक 31.03.2024 को समाप्त हो गयी है।

विदित हो कि वर्त्तमान में Shri Raja Rajeshwari Enterprises एजेन्सी के द्वारा पटना नगर निगम के कंकड़बाग अंचल, बाँकीपुर अंचल, पटना सिटी अंचल तथा अजीमाबाद अंचल क्षेत्रों के प्रमुख तथा मुख्य सड़कों की Mechnical Sweeping के माध्यम से की जा रही है। पटना नगर निगम क्षेत्रों में उत्कृष्ट सफाई बनाये रखने हेतु स्वीपींग मशीन का उपयोग अतिआवश्यक है।

अतः निगम स्वामित्व वाले 10 (दस) Truck Mounted Sweeping Machine स्वीपींग मशीन का Opeation & Maintenance कार्य के लिए Shri Raja Rajeshwari Enterprises एजेन्सी की सेवा 01 (एक) साल (दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक) विस्तार किये जाने हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष प्रस्ताव रखा गया है।

**श्री बिनोद कुमार** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, Road Sweeping Machine का कार्य ठीक से नहीं हो रहा है। इसके लिए किसी दूसरी एजेंसी का चयन निविदा के माध्यम से किया जाय।

**श्रीमती कांति देवी** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य के प्रस्ताव से सहमत हूँ। इसे पारित किया जाय।

पटना नगर निगम PATNA MUNICIPAL CORPORATION

महापौर
पटना नगर निगम

उप-महापौर :- माननीया अध्यक्ष महोदया, एजेंसी के पिछले कार्य को देखते हुए एक वर्ष की अवधि विस्तार करना उचित नहीं है। तत्काल एजेंसी की सेवा विस्तार जुलाई,2024 तक ही की जाय। इस बीच निविदा निकाल कर अन्य एजेंसी का चयन किया जा सकता है।

नगर आयुक्त :- तत्काल इसका कार्य जुलाई तक बढ़ाया जा सकता है।

प्रस्ताव संख्या-232 :- **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि निगम स्वामित्व वाले 10 (दस) Truck Mounted Sweeping Machine स्वीपिंग मशीन का Opeation & Maintenance कार्य के लिए Shri Raja Rajeshwari Enterprises एजेंसी की सेवा जुलाई, 2024 तक विस्तार किये जाने के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।**

नगर आयुक्त :- माननीय सदस्यों को बताना चाहता हूँ कि वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए निगम के सभी प्रमुख सड़कों पर Water Sprinklers चल रहा है। लेकिन गाड़ी में लगे नोजल काम नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण पानी का फुहारा तीव्र गति से नहीं निकल रहा है। उसे चेक करने की आवश्यकता है। मुख्य नगर अभियंता सभी वाहनों के नोजल की जाँच करायें और उसे ठीक करायें।

श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी :- माननीया अध्यक्ष महोदया, Sprinklers तो चल रहा है लेकिन ठीक से कार्य नहीं कर रहा है। मेरा सुझाव है कि पूर्व की भाँति जलापूर्ति शाखा द्वारा जो वाटर टैंकर Sprinklers का उपयोग होता था वह ज्यादा कारगर था।

श्री आशीष कु0 सिन्हा :- माननीया अध्यक्ष महोदया, वर्तमान में जो Sprinklers वायु प्रदूषण पर नियंत्रण हेतु चल रहा है। वह कारगर नहीं है। कभी-कभी देखने में आया है कि Sprinklers के आगे वाले भाग से फुहारा निकल रहा है तो पिछला भाग से बन्द है। इससे सड़कों के धुलकण पर कोई खास असर नहीं हो रहा है। मेरा सुझाव है कि पुराने वाटर टैंकर को भी Sprinklers के रूप में कार्य में लगाया जाय।

पटना नगर निगम PATNA MUNICIPAL CORPORATION

महापौर
पटना नगर निगम

**श्री मनोज कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, वार्ड संख्या-48 अन्तर्गत स्थित प्रेमचंद गोलम्बर का सौन्दर्यीकरण का प्रस्ताव है, यह गोलम्बर माननीय मुख्यमंत्री की चिर प्रतीक्षित योजना है। इसी गोलम्बर के पास साइंस सिटी का मुख्य द्वार है। जहाँ पर श्री प्रेमचंद की प्रतिमा स्थापित है तथा मोइन उल हक स्टेडियम भी है।

**श्री आशीष कु० सिन्हा :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य का प्रस्ताव निगम एवं जनहित में है। प्रेमचंद गोलम्बर का सौन्दर्यीकरण हो चाहिए। इस प्रस्ताव को पारित किया जाय।

**प्रस्ताव संख्या-233:-** **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड संख्या-48 के अन्तर्गत प्रेमचंद गोलम्बर का सौन्दर्यीकरण के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।**

अध्यक्ष :- बैठक में उपस्थित माननीय सदस्यों, नगर आयुक्त एवं सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की जाती हैं।

पटना नगर निगम
PATNA MUNICIPAL CORPORATION

**महापौर**
(सीता साहू)
**पटना नगर निगम**
अध्यक्ष,
पटना नगर निगम, पटना।

प्रतिलिपि :- माननीया महापौर/ माननीय उप-महापौर/ माननीय सदस्य, सशक्त स्थायी समिति/ नगर आयुक्त/ सभी संबंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**नगर सचिव,**
पटना नगर निगम,पटना।
**नगर सचिव**
**पटना नगर निगम**